**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 356**

**19.07.2022 को उत्तर के लिए नियत**

**इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन**

**356. श्रीमती कविता मलोथू:**
**डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:**
**डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः**

क्या **भारी उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों (फेम इंडिया) के तेजी से अपनाने और विनिर्माण के चरण-I और II के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन पर कुल कितनी राशि मंजूर, स्वीकृत, जारी और व्यय की गई;

(ख) इस योजना के चरण-I और II के तहत तेलंगाना के शहरों में स्थापित चार्जिंग स्टेशनों का जिला-वार और शहर-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) चरण-I और II के तहत तेलंगाना के एक्सप्रेसवे पर स्थापित चार्जिंग स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) चरण-I और II के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित चार्जिंग स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) तेलंगाना में पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स पर स्थापित चार्जिंग स्टेशनों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार को लगता है कि उक्त चार्जिंग स्टेशन पर्याप्त हैं; और

(छ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा आने वाले दो-तीन वर्षों में तेलंगाना के शहरों में, राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और पेट्रोलियम आउटलेट्स पर अधिक से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क) से (ङ): फेम इंडिया स्कीम चरण-I के तहत, भारी उद्योग मंत्रालय ने 43 करोड़ रुपये (लगभग) की 520 चार्जिंग स्टेशनों/अवसंरचना को मंजूरी दी। 520 ईवी चार्जिंग स्टेशनों में से, 479 ईवी चार्जिंग स्टेशन जुलाई, 2022 तक चालू किए जा चुके हैं और कार्यरत हैं। फेम इंडिया स्कीम, चरण-II के तहत, भारी उद्योग मंत्रालय ने 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 68 शहरों में 2877 ईवी चार्जिंग स्टेशनों (अनुमानित राशि 500 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी है) और इनमें से 1822 ईवी चार्जिंग स्टेशनों को लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया गया है। इन 1822 ईवी चार्जिंग स्टेशनों में से 50 ईवी चार्जिंग स्टेशन 14 जुलाई, 2022 तक स्थापित और चालू किए जा चुके हैं।

इसके अलावा, भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा फेम इंडिया स्कीम, चरण-II के तहत 9 एक्सप्रेसवे और 16 हाईवे के लिए भी 1576 चार्जिंग स्टेशनों को भी को मंजूरी दी गई है। चार्जिंग स्टेशनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** पर है।

(च) और (छ): महोदय, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक चार्जिंग अवसंरचना में सुधार के लिए सरकार द्वारा तेलंगाना राज्य सहित देश में निम्नलिखित पहलें भी की गई हैं-

( i ) विद्युत मंत्रालय ने अवसंरचना मानकों पर एक अधिसूचना जारी कर आवासों और कार्यालयों में निजी चार्जिंग की अनुमति दी है।

(ii) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने निजी और वाणिज्यिक भवनों में चार्जिंग स्टेशन और अवसंरचना स्थापित करने के लिए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज-2016 में संशोधन किया है।

*****

**अनुलग्नक -I**

**1. फेम इंडिया स्कीम के चरण-I के तहत** - भारी उद्योग मंत्रालय ने 520 ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी है जिनमें से 479 चार्जिंग स्टेशन 01 जुलाई, 2022 तक निम्नानुसार स्थापित किए जा चुके हैं:

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | चार्जिंग स्टेशन | हाइवे | चार्जिंग स्टेशन |
|---|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 48 | दिल्ली -चंडीगढ़ | 24 |
| दिल्ली | 94 | मुंबई -पुणे | 17 |
| राजस्थान | 49 | दिल्ली-जयपुर-आगरा | 31 |
| कर्नाटक | 65 | जयपुर-दिल्ली हाईवे | 9 |
| झारखंड | 30 | | |
| उत्तर प्रदेश | 16 | | |
| गोवा | 30 | | |
| हैदराबाद (तेलंगाना) | 57 | | |
| हिमाचल प्रदेश | 9 | | |
| **कुल** | **398** | | **81** |

2. **फेम इंडिया स्कीम चरण-II के तहत:**

- भारी उद्योग मंत्रालय ने जुलाई, 2022 तक 25 राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के 68 शहरों में 2877 ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी है।

| राज्य | स्वीकृत ईवी चार्जर्स की संख्या |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 317 |
| आंध्र प्रदेश | 266 |
| तमिलनाडु | 281 |
| गुजरात | 278 |
| उत्तर प्रदेश | 207 |
| राजस्थान | 205 |
| कर्नाटक | 172 |
| मध्य प्रदेश | 235 |
| पश्चिम बंगाल | 141 |

| | |
|---|---|
| तेलंगाना ( हैदराबाद- 118, वारंगल- 10, करीमनगर- 10) | 138 |
| केरल | 211 |
| दिल्ली | 72 |
| चंडीगढ़ | 70 |
| हरियाणा | 50 |
| मेघालय | 40 |
| बिहार | 37 |
| सिक्किम | 29 |
| जम्मू और कश्मीर | 25 |
| छत्तीसगढ | 25 |
| असम | 20 |
| ओडिशा | 18 |
| उत्तराखंड | 10 |
| पुदुचेरी | 10 |
| अंडमान और निकोबार (पोर्ट ब्लेयर) | 10 |
| हिमाचल प्रदेश | 10 |
| कुल | 2877 |

- भारी उद्योग मंत्रालय ने **9 एक्सप्रेसवे और 16 राजमार्गों पर 1576 ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मंज़ूरी दी है। विवरण नीचे निर्दिष्ट हैं:**

| क्र.सं | एक्सप्रेस | ईवी चार्जिंग स्टेशन स्वीकृत |
|---|---|---|
| 1 | मुंबई - पुणे | 10 |
| 2 | अहमदाबाद - वडोदरा | 10 |
| 3 | दिल्ली-आगरा-यमुना | 20 |
| 4 | बेंगलुरु-मैसूर | 14 |
| 5 | बेंगलुरु-चेन्नई | 30 |
| 6 | सूरत-मुंबई | 30 |
| 7 | आगरा-लखनऊ | 40 |
| 8 | ईस्टर्न पेरिफेरल (ए) | 14 |
| 9 | हैदराबाद ओआरआर | 16 |

| क्र. सं. | राजमार्ग | स्वीकृत ईवी चार्जिंग स्टेशन |
|---|---|---|
| 1 | दिल्ली - श्रीनगर | 80 |
| 2 | दिल्ली - कोलकाता | 160 |
| 3 | आगरा - नागपुर | 80 |
| 4 | मेरठ से गंगोत्री धाम | 44 |
| 5 | मुंबई - दिल्ली | 124 |
| 6 | मुंबई-पणजी | 60 |
| 7 | मुंबई - नागपुर | 70 |
| 8 | मुंबई - बेंगलूरु | 100 |
| 9 | कोलकाता - भुवनेश्वर | 44 |
| 10 | कोलकाता - नागपुर | 120 |
| 11 | कोलकाता - गंगटोक | 76 |
| 12 | चेन्नई-भुवनेश्वर | 120 |
| 13 | चेन्नई - त्रिवेंद्रम | 74 |
| 14 | चेन्नई- बल्लारी | 62 |
| 15 | चेन्नई - नागपुर | 114 |
| 16 | मंगलदाई - वाकरो | 64 |
| **1576** | | |

3.0 **पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स (आरओ) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या जहां दिनांक 1.1.2022 की स्थिति के अनुसार ईवी चार्जिंग सुविधा उपलब्ध है:**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आरओ की संख्या जहां ईवी चार्जिंग सुविधा उपलब्ध है |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 65 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 |
| असम | 19 |
| बिहार | 26 |
| चंडीगढ़ | 4 |
| छत्तीसगढ | 51 |
| दिल्ली | 66 |
| गोवा | 17 |

| | |
|---|---|
| गुजरात | 87 |
| हरियाणा | 114 |
| हिमाचल प्रदेश | 13 |
| झारखंड | 22 |
| जम्मू और कश्मीर | 3 |
| कर्नाटक | 100 |
| केरल | 39 |
| लेह | 2 |
| मध्य प्रदेश | 167 |
| महाराष्ट्र | 88 |
| मणिपुर | 1 |
| मेघालय | 3 |
| नगालैंड | 2 |
| ओड़ीशा | 26 |
| पांडिचेरी | 2 |
| पंजाब | 41 |
| राजस्थान | 174 |
| तमिलनाडु | 76 |
| तेलंगाना | 112 |
| त्रिपुरा | 3 |
| उत्तर प्रदेश | 128 |
| उत्तराखंड | 10 |
| पश्चिम बंगाल | 71 |
| **कुल योग** | **1536** |

*****